22-05-2019

प्रेस विज्ञप्ति

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में एम0डी0 की सीटें पाँच से बढ़कर हुई आठ

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 सूर्यकान्त ने बताया कि इस विभाग की स्थापना 1946 में डिपार्टमेन्ट आफ ट्यूबरकुलोसिस एवं चेस्ट डिसीजेज के रूप में हुई। 1951 में एम0डी0 एवं 1954 में डिप्लोमा कोर्स चालू हुआ। तब से लेकर यह विभाग नई ऊँचाइयों को छूता गया। पिछले सात दशकों से एम0डी0 की सिर्फ पाँच सीटों से यह डिपार्टमेन्ट सुसज्जित था।

मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया (MCI) के मानकों पर खरे उतरते हुए एवं प्रो0 सूर्यकान्त के अथक प्रयासों से इस डिपार्टमेन्ट में एम0डी0 की सीटें पाँच से बढ़कर आठ हो गई है।

प्रो0 सूर्यकान्त ने बताया कि देश के दूर दराज से आये सभी आठों एम0डी0 छात्रों ने डिपार्टमेन्ट ज्वाइन कर लिया है। इस मौके पर सभी नवागन्तुको का वेलकम पार्टी के साथ स्वागत एवं परिचय हुआ।

प्रो0 सूर्यकान्त ने सभी छात्रों को स्वलिखित आई0एल0डी0 की किताब स्मृतिका के रूप में भेंट की। इस मौके पर विभाग के अन्य सभी सीनियर एवं जूनियर रेजिडेन्ट्स मौजूद रहे।